एयरलाइंस भारतीय चिकित्सा संघ रोजगार कार्यालय, सरकारी अस्पतालों/नर्सिंग होम से सम्पर्क करती है । संबंधित क्षेत्र के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी/सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा किए गए व्यक्तिगत रूप से साक्षात्कार के माध्यम से उम्मीदवार की उपयुक्तता का निर्णय दिया जाता है । साथ-साथ जीवनवृत्त का सत्यापन भी किया जाता है । समय-समय पर उनके कार्य की भी अनियमित/आकस्मिक जांच की जाती है ।

(ग) उड़ान से पहले डाक्टरी जांच के लिए और अंश-कालिक आधार पर नियुक्त चिकित्सा अधिकारियों को दिल्ली, बम्बई मद्रास, कलकत्ता और हैदराबाद में 1500 रु० प्रति महीने की नियत राशि दी जाती है । अन्य स्टेशनों में चिकित्सा अधिकारियों के निर्धारित समय पर प्रस्थान करने वाली उड़ानों के आधार पर, किए गए कार्य को अपेक्षित घंटों की संख्या पर निर्भर करते हुए राशि दी जाती है ।

(घ) जहां तक इंडियन एयरलाइंस का संबंध है, ब्यौरे एकत्र किए जा रहे हैं । वायुदूत, इंडियन एयरलाइंस के डाक्टरों की सेवाओं का उपयोग करता है ।

हाल की दुर्घटनाओं में ग्रस्तग्रस्त विमानों जैसे अन्य विमान

2378. **डा० अबरार अहमद खान :**
श्री सोहन लाल धूतिया :

क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 19 अक्तूबर, 1988 को जो विमान दुर्घटनाग्रस्त हुए थे, उन्ही श्रेणियों के कितने विमान ऐसे है जिनका उड़ान का रिकार्ड तथा हालत वैसी ही है और अभी भी एयरलाइन्स के पास है ; और

(ख) क्या इन विमानों को भविष्य में भी संचालन में बनाये रखा जायेगा ; यदि हां, तो कब तक ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री शिवराज पाटिल) : (क) इंडियन एयरलाइन्स में चार बी-737 विमान और वायुदूत में तीन एफ-27 विमान 1970 के बने हुए हैं । तथापि, उनका उड़ान रिकार्ड उस तरह का नहीं है जिस तरह दुर्घटनाएं हुई हैं ।

(ख) 1970 में निर्माण किए गए बोइंग-737 को 1990-91 के दौरान हटा दिये जाने की आशा है । वायुदूत के एफ-27 ए(फोकर फ्रैंडशिप) को तब तक सेवा में रखा जाएगा जब तक नये प्रकार के विमान नहीं ले लिये जाते ।

Subjects offered by Patrachar Vidyalaya, Delhi

2379. SHRI MIRZA IRSHADBAIG: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) what are the details of the subjects offered by the Patrachar Vidyalaya, Delhi Administration;

(b) whether Urdu is also offered as one of the subjects;

(c) if so, whether it is a fact that the post of Urdu lecturer is lying vacant since long and the students normally do not offer Urdu because of this problem; and

(d) if so, what steps are being taken in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF EDUCATION AND CULTURE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI L. P. SHAHI): (a) As per Delhi Administration, all the three streams i.e., Science, Commerce and Arts are taught in Patrachar Vidyalaya.

(b) Yes, Sir.

(c) and (d) Due to less than 100 students offering Urdu Medium, the post of PGT (Urdu) was not filled up after October 1987. However, the teaching was continued through a teacher who is M.A. in Urdu.